Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष-२६ अंक-१२ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो १६-३० जून २०१६ पृष्ठ ०८ मूल्य:१० रु.मात्र

### नीति आयोग कि बैठक में बोले पीएम

## 'न्यू इंडिया' का लक्ष्य २०२२ तक करना होगा पूरा




प.सू.का/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिनांक १५.०६.१६ को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक भवन में नीति आयोग की प्रशासनिक परिषद की ५वीं बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल, मुख्यमंत्रियों, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल तथा अन्य प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के लक्ष्य को हासिल करने में नीति आयोग को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल के आम चुनाव को दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया बताते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि सभी लोग मिलकर भारत के विकास के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि गरीबी, बेरोजगारी, सूखा, बाढ़, प्रदूषण, भ्रष्टाचार, हिंसा आदि के खिलाफ सामूहिक लड़ाई की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि सशक्तिकरण और जीवनयापन में आसानी जैसी सुविधाएं प्रत्येक भारतीय को मिलनी चाहिए। महात्मा गांधी की १५०वीं जयंती के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किये गए हैं उन्हें २ अक्टूबर तक पूरा किया जाना चाहिए। स्वतंत्रता की ७५वीं वर्षगांठ पर २०२२ के लिए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कार्य प्रारंभ किये जाने चाहिए।

## आईआरएसडीसी का फ्रेंच नेशनल रेलवेज और फ्रांस की एजेंसी-एएफडी के साथ समझौता

प.सू.का/नई दिल्ली। भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम (आईआरएसडीसी) ने १० जून, २०१६ को फ्रेंच नेशनल रेलवेज (एसएनसीएफ) और फ्रांस की एजेंसी-एएफडी के साथ त्रिपक्षीय समझौता किया। इस अवसर पर रेल राज्य मंत्री सुरेश अंगाडी और फ्रांस सरकार के यूरोप और विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री जीन बापटिस्ट लेमोयिन, भारत में फ्रांस के राजदूत अलेक्जेंडर जिगलर और दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस समझौते के तहत, फ्रांस की एजेंसी एएफडी ने भारत में रेलवे स्टेशन विकास में सहायता के लिए आईआर-एसडीसी के लिए तकनीकी साझेदार के रूप में फ्रेंच नेशनल रेलवेज (एसएनसीएफ) हब्स और कनेक्शंस के माध्यम से अधिकतम ७,००,००० यूरो का अनुदान प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की है। इससे आईआरएसडीसी अथवा भारतीय रेल पर को वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। इस अवसर पर रेल राज्य मंत्री सुरेश अंगाडी ने कहा कि रेलवे के क्षेत्र में भारत और फ्रांस के बीच एक मजबूत और पुरानी साझेदारी है।



फ्रेंच रेलवेज (एसएनसीएफ) पिछले समय में दिल्ली-चंडीगढ़ रेलखंड के लिए गति बढ़ाने पर आधारित अध्ययन के संचालन में और लुधियाना एवं अम्बाला स्टेशनों के विकास में भारतीय रेल के साथ जुड़ा रहा है। मैं मानता हूं कि भारत-फ्रांस के बीच सहयोग को और अधिक मजबूत करने में यह प्रयास काफी कारगर साबित होगा और भारतीय रेल को अपने स्टेशनों को विश्व स्तरीय मानकों के अनुरूप तैयार करने में मदद मिलेगी।'

### लेखकों से

राष्ट्रीय, सामाजिक, फिल्म, व्यंग्य आदि विषयों पर अप्रकाशित लेख प्रकाशन हेतु आमंत्रित है। अपने हस्तलिखित लेख कागज की एक ओर साफ अक्षरों में भेजें।

प्रधान सम्पादक

## कांग्रेस ने कहा गुजरात में दो सीटों पर एक साथ हों चुनाव



रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। लोकसभा २०१६ के चुनाव में अमित शाह गुजरात की गांधीनगर सीट और स्मृति ईरानी उत्तर प्रदेश की अमेठी सीट से निर्वाचित हुई थीं। दोनों गुजरात से राज्यसभा सदस्य थे। जिस पर कांग्रेस ने अमित शाह और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद गुजरात से खाली हुई राज्यसभा की दो सीटों पर एक साथ चुनाव कराने की मांग की है। कांग्रेस ने कहा है कि हमारी पार्टी को अंदेशा है कि दोनों सीटों पर भाजपा अपने फायदे के लिए अलग अलग तारीख में चुनाव कराना चाहती है। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि पार्टी का एक प्रतिनिधि- मंडल जल्द ही चुनाव आयोग का रुख करेगा और अपना प्रतिवेदन देगा।

## यमुना की सफाई अब होगी ट्रैश स्कीमर से

रे.स.ब्यू./सूत्र.नई दिल्ली। दिल्ली को मच्छरजनित बीमारियों के प्रकोप से बचाने के लिए उत्तरी दिल्ली नगर निगम संभव प्रयास करने में जुटी है। इन प्रयासों का ही असर है कि इस साल अभी तक इन डेंगू के दंश से दिल्ली लगभग सुरक्षित है।

उत्तरी निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यमुना नदी में जलकुंभी अधिक है जिनको जड़ो के नीचे डेंगू मच्छरों के पनपने की अधिकाधिक संभावना रहती है। इस समस्या से बचने गत वर्ष की तरह ही ट्रैश स्कीमर की मदद ली जाएगी।

इनकी मदद से बड़ी मात्रा में यमुना किनारे से जलकुंभी हटाया जायेगा। इसे हटाने के लिए दो ट्रैश स्कीमरों की मदद ली जाएगी।

# राजनीतिक बहस के लगातार गिरते स्तर पर उपराष्ट्रपति ने जताई चिंता




प.सू.का/नई दिल्ली। भारत के उपराष्ट्रपति, एम. वेंकैया नायडू ने हाल के वर्षों में राजनीतिक बहस के निचले स्तर पर पहुंचने पर चिंता व्यक्त करते हुए इस प्रवृति को जल्दी बदलने का आह्वान किया है। हैदराबाद में दिनांक ०८.०६.१६ को हैदराबाद प्रबंधन संघ (एचएमए) के ४६ वें वार्षिक पुरस्कार समारोह में बोलते हुए, उपराष्ट्रपति, ने संसद और राज्य विधानसभाओं में लगातार हो रहे व्यवधानों पर अपनी चिंता व्यक्त की। नायडू ने दुखी लहेजे में कहा कि इस तरह के पवित्र और वैधानिक मंचों में व्यवधान उत्पन्न करना हमारे संविधान निर्माताओं की परिकल्पना की उपेक्षा करना है। एक तरह से, यह भारत के संविधान की भावना के प्रतिनुकूल है। यह लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं की अनदेखी करने जैसा है।यह जनादेश की अवहेलना है।यह लोकतंत्र के इन स्तंभों में लोगों के विश्वास के साथ विश्वासघात करने जैसा है, नायडू ने कहा कि सार्वजनिक जीवन जीने वाले लोगों को यह समझना चाहिए कि वे केवल प्रतिद्वंद्वी हैं दुश्मन नहीं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि लोगों ने हाल के चुनावों में पूरी स्पष्टता के साथ अपनी पसंद के अनुरूप स्थिरता और निरंतरता के लिए मतदान किया।

उन्होंने कहा कि देश को भूख, गरीबी, अशिक्षा और बीमारी के खिलाफ अपनी अथक लड़ाई जारी रखनी चाहिए और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा, रोजगार, बेहतर बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के माध्यम से आर्थिक विकास के लाभ को जनता की खुशहाली में बदलना चाहिए।

# एसी बस से लखनऊ जाने वाले को रोडवेज़ ने दिया झटका

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। भीषण गर्मी के दौरान यूपी रोडवेज ने लखनऊ जाने वाले यात्रियों को झटका दिया है। रोडवेज ने सिविल लाइंस बस स्टेशन से लखनऊ जाने वाली एसी वाल्वो बस की सेवा अचानक बंद कर दी है। बताया जा रहा है कि शासन स्तर से वॉल्वो बस का अनुबंध खत्म हो गया है। रोडवेज के इस कदम से यात्रियों को खासी दिक्कत हो रही है। हालांकि रोडवेज की ओर से वॉल्वो बस के समय पर जनरथ बस चलाने का दावा किया गया है। सूत्रों के अनुसार रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मुख्यालय स्तर से ही सेवा बंद हुई है।

# मुख्यमंत्री ने दिया रोमियो स्क्वॉड को और अधिक सक्रिय किये जाने के निर्देश



रे.स.ब्यू./सू. लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथने महिलाओं और बालिकाओं के उत्पीड़न से जुड़ी घटनाओं पर प्रभावी कार्य-वाही के निर्देश दिये हैं। अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी अभियोजन को आवश्यक बताते हुए उन्होंने पुलिस महा-निदेशक को निर्देश दिये कि प्रत्येक रेंज से नाबालिग बालिकाओं के साथ हुए जघन्य अपराधों के १०-१० मामले चिन्हित कर, फास्ट ट्रैक अदालतों में मुकदमा चलाकर अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जाए।

प्रत्येक थाना क्षेत्र में पूर्व में महिलाओं और बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों में संलिप्त रहे व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें पाबन्द किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं एवं बालिकाओं की गरिमा बनाए रखनें तथा उन्हें हर प्रकार की सुरक्षा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री लोक भवन में महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्दश दे रहे थे। पुलिसिंग, डायल-१०० तथा एण्टी रोमियो स्क्वॉड को और अधिक सक्रिय किये जाने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं से छेड़खानी करने तथा उन्हें परेशान करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

एण्टी रोमियो स्क्वॉड की कार्रवाइयों को पूरे जून माह अभियान के रूप मे चलाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाले तथा संवेदनशील स्थानों पर एण्टी रोमियो स्क्वॉड को निरन्तर सक्रिय रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस की मौजूदगी मात्र अपराधों को नियंत्रित करने में सहायक होती है।

# मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने किया कार्यों का लोकार्पण



रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क, पंजीयन एवं नागरिक उड्डयन विभाग के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने दिनांक ०६.०६.१६ को प्रयागराज के भ्रमण के दौरान शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाले कुछ जगहों पर चल रहे निर्माण कार्य, नवनिर्मित मार्गों एवं अन्य कार्यों का लोकार्पण किया। भ्रमण के दौरान मंत्री ने नैनी, काजीपुर मुख्य रोड से ज्ञान भारती इण्टर कालेज तक सम्पर्क मार्ग पर कराये गये इन्टरलाकिंग का लोकार्पण किया। कार्यक्रमों के दौरान मंत्री ने कहा कि विकास की रफ्तार धीमी नहीं पड़नी चाहिये। अब और तेजी से विकास की ओर प्रयागराज आगे बढ़ेगा।

हमारी सरकार का लक्ष्य है कि विकास ऐसा हो, जिसका फायदा हर वर्ग हर व्यक्ति तक पहुंचे।उन्होंने मुख्यमंत्री को विकास पुरुष बताते हुए कहा कि उनका सपना उप्र को नम्बर वन बनाना है। मंत्री जी ने कुम्भ के दौरान शहर में कराये गये विकास कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसा विकास किसी सरकार ने नहीं कराया।

# प्रयागराज समेत मेरठ व झांसी में जल्द मिलेगा पीजीआई जैसा इलाज

रे.स.ब्यू./सू. लखनऊ। प्रयागराज समेत झांसी और मेरठ के मेडिकल कॉलेजों में मरीजों को जल्द एसजीपीजीआई की तरह सुपर स्पेशियलिटी इलाज की सुविधा मिलेगी। यह जानकारी चिकित्सा शिक्षा मंत्री आशुतोष टंडन ने ब हस्पतिवार दिनांक १३.०६.१६ को लोकभवन के मीडिया सेंटर में एक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर दी। चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने बताया कि पीएमएसएसवाई योजना के तहत प्रत्येक मेडिकल कॉलेज में आठ-आठ विभाग शुरू किए जा रहे हैं।

इनमें कुल २०० बेड हैं, जिसमें २० जनरल बेड व ४० बेड के आईसीयू की व्यवस्था होगी। पुराने मेडिकल कॉलेजों गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, झांसी, मेरठ, आगरा, हृदय रोग व जेके कैंसर संस्थान में ई-हॉस्टिल का दूसरा चरण जल्द शुरू होगा। टंडन ने बताया कि लखनऊ के सीजी सिटी कैंसर संस्थान में तीन माह में रेडियोथेरेपी की सुविधा शुरू हो जाएगी।
नौ राजकीय मेडिकल कॉलेजों को २०२०.२१ के सत्र में शुरू करने पर कार्य भी चल रहा है।

# प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर रेलवे सप्ताह पुरस्कार समारोह का आयोजन




रे.स.ब्यू./सू. बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोनल मुख्यालय के सभागार में सिगनल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर स्तर रेलवे सप्ताह पुरस्कार समारोह का आयोजन दिनांक ०६ जून, २०१६ को किया गया, इसमें १०४ अधिकारी व कर्मचारियों को बेहतर कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यकम की शुरूवात प्रधान मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर नीरज सिन्हा के द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। उन्होने अपने उद्बोधन में सभी एवार्डी को बधाईयों दी और सेफटी के साथ कार्य करने की सलाह दी। उन्होने कार्य निष्पादन के दौरान सभी स्तरों पर निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने की भी सलाह दी। नीरज सिन्हा ने तकनीकी क्षमता को बढाने के लिए निरन्तर प्रषिक्षण पर जोर दिया एवं सभी मण्डलों में सभी आधुनिक उपकरणों के लिए एक्सपर्ट टीम बनाने को सलाह दी। उन्होने डीजीटल इंडिया प्रोगाम के तहत् स्टेशनों पर सी.सी.टी.वी.,वाई-फाई लगाने पर भी जोर दिया। अंत में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उप. मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/मुख्यालय के.पी.सारस्वत ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार ब्यक्त किया।

# कालका-शिमला रेल सेक्शन पर झरोखा और आर.ए.१०० सेल्फ प्रोपैल्ड कोच और रेल मोटर कार में चार्टर सीटों की शुरूआत

रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। कालका-शिमला रेल सेक्शन पर पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए उत्तर रेलवे ने इस ग्रीष्मकाल में दिनांक १३.०६.२०१६ से १०.०६.२०१६ तक झरोखा और आर.ए. १०० सेल्फ प्रोपैल्ड कोच और रेल मोटर कार में चार्टर सीटों की शुरूआत की है।

अब यात्री चार्टर्ड सीट आधार पर इन रेलगाडियों और डिब्बों में टिकट बुक करा सकते हैं। वर्तमान में झरोखा और आर.ए.१०० सेल्फ प्रोपैल्ड कोच और रेल मोटर कार पूरे चार्टर आधार पर उपलब्ध है। यात्री कालका-शिमला रेलवे स्टेशनों पर बने बुकिंग काउंटरों से इन सेवाओं को बुक कर सकते हैं। झरोखा और आर.ए.१०० सेल्फ प्रोपैल्ड कोच में अधिकतम ८ यात्री जबकि रेल मोटर कार में १२-१४ यात्री अपने टिकट बुक करा सकते हैं। यह सभी सेवाएं मांग आधार पर परिचालित की जायेंगी। ये सेवाएं तभी संचालित की जायेंगी जब झरोखा और आर.ए.१०० सेल्फ प्रोपैल्ड कोच में न्यूनतम ६ यात्रियों की बुक्र्कग हो। रेल मोटर कार के मामले में न्यूनतम ८ यात्रियों द्वारा टिकट बुक कराए जाने के



बाद २ घंटों के भीतर ये सेवाएं उपलब्ध होंगी। एक बार खरीदे गए टिकटों पर को वापसी नहीं है।किंतु झरोखा और आर.ए.१०० के मामलों में यात्रियों की संख्या ६ और रेल मोटर कार के मामले में ८ न हो तो ये सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी।

ऐसी स्थिति में शिमला और कालका रेलवे स्टेशनों के काउंटरों से पूरे किराए की वापसी होगी। इन सेवाओं के लिए खरीदे गए टिकट अहस्तांतरणीय होंगे। इन टिकटों की बुकिंग के समय पर दिए गए पहचान के दस्तावेजों की मूल प्रतियां यात्रा के दौरान यात्री को अपने साथ रखनी होंगी ऐसा न होने पर उसे बिना टिकट माना जायेगा और उससे नियमानुसार प्रभार वसूला जायेगा। चार्टर सेवा के संबंधित कोचों की अग्रिम बुकिंग के मामले में, उनकी पुष्टि एक दिन पहले ही की जाएगी और ये सेवाएं स्टॉक की उपलब्धता के अधीन होंगी। यदि किसी विशेष तिथि के लिए ‘झरोखा’ की बुकिंग अग्रिम रूप से हो जाती है और उस दिन वह उपलब्धि न हो तो यह सेवा विस्थापन के आधार पर उपलब्ध नहीं होगी। ५ वर्ष से अधिक की उम्र की बच्चों का पूरा किराया लगेगा और ५ वर्ष से कम के बच्चों का कोई किराया नहीं लगेगा किंतु उन्हें को सीट नहीं दी जायेगी। इस क्षेत्र में बेहतर यात्रा और पर्यटन अवसरों को उत्पन्न करके राष्ट्र निर्माण में रेलवे सदैव अग्रणी रही है। इस संबंध में रेलवे ने यूनेस्को विश्व धरोहर वाली कालका-शिमला पर्वतीय रेलवे को गति देने और हिमाचल प्रदेश राज्य में पर्यटन को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कालका-शिमला रेलवे भारत में अंग्रेजों द्वारा तैयार की गई नैरोगेज वाली महत्वाकांक्षी पर्वतीय रेलवे परियोजना है। दुर्गम इलाकों और कठिन स्थितियों वाले इस क्षेत्र में बेहतर इंजीनियरिंग कौशल के साथ इस परियोजना को पूरा करने में २० वर्षों का समय लगा। यह रेलवे लाइन कालका और शिमला नगरों को आपस में जोडती है। कालका तलहटी में बसा है जबकि हिमाचल प्रदेश राज्य की राजधानी एवं अंग्रेजी शासन के दौरान तत्कालीन ग्रीष्मकालीन राजधानी शिमला हिमाचल की शिवालिक पर्वत श्रेणियों में २००० हजार मीटर की ऊँचा पर स्थित है। १०० किलो मीटर लम्बे इस रेलमार्ग पर १०२ सुरंगें, जिसमें बडोग के निकट बनी ११४४ मीटर की सबसे लम्बी सुरंग, ८६६ पुल, १८ स्टेशन और ६०६ मोड हैं। कालका-शिमला रेलगाड़ी पर्यटकों का एक प्रमुख आकर्षण है। इस रेलगाड़ी की यात्रा के बिना इस पहाड़ी क्षेत्र का भ्रमण अधूरा लगता है। उत्तर रेलवे ने यहां के लिए अनेक रेल सेवाएं उपलब्ध कराई हैं जिनमें रेल मोटर कार, शिवालिक पैलेस, शिवालिक क्यून और शिवालिक डीलक्स एक्सप्रेस सेवाएं शामिल हैं। लोकप्रिय सेवाओं में झरोखा और विस्टाडोम कोच लगाए गए हैं। इस सेक्शन के सभी स्टेशनों पर निशुल्क वाई-फाई की सुविधा भी उपलब्ध है।

## "STOP MISUSE OF ALARM CHAINS"- Railways appeal to passengers




RSB/Chennai: Southern Railway is operating, on an average, 1305 Mail/Express trains daily, apart from 652 EMU/MEMU Suburban trains daily by carrying 2.41 Million people focusing on Safety, Security, Punctuality & Cleanliness. Though the Indian Railways is striving hard to maintain the punctuality of trains being operated under its control, the menace of Alarm Chain Pulling (ACP) is adjudged as one of the major factors for the delayed operation of trains at National level. Since train has to run on the same track one after another, with a safer distance and controlled by auto signaling and monitoring system, any unusual stoppage of a train will not only affect the punctuality of that particular train, but also of all the trains running behind it and consuming the valuable time of Rail passengers proceeding for various reasons which will go haywire. An analysis revealed that the passengers normally pull Alarm Chain for the reasons that, co-passenger could not board/alight, medical attention, missing of belongings, passenger got down to purchase eatables/water in enroute did not board the train, no water in coach, light/fan not working, passenger overslept, etc. Pulling of Alarm Chain, without reasonable and sufficient cause, attracts legal action under Section 141 of Indian Railways Act, 1989, which awards a punishment of imprisonment which may extend to one year or fine which may extend to Rs.1000/- or with both. In order ensure punctuality of trains and to control the unauthorized pulling of Alarm Chain, RPF escorts are provided on the affected sections.

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में समपार (फाटक) जागरूकता सप्ताह का आयोजन



रे.स.ब्यू./सू. बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों मंडलो बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर में २८ मई से ०६ जून, २०१६ तक समपार जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान सड़क उपयोगकर्ताओं में सुरक्षित समपार फाटक पार करने के दौरान ली जाने वाली सावधानियों एवं नियमों के प्रति जागरूकता लाने हेतु अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें बैनर एवं पोस्टरों, रेडियो, स्टेशनों पर पब्लिक अनाउंस सिस्टम आदि के माध्यम से प्रचार तथा सड़क उपयोगकर्ताओं को पॉमप्लेट आदि के वितरण किए गए । इसके साथ ही साथ स्काउट एंड गाइड तथा सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों तथा रेल कर्मचारियों के द्वारा समपार (फाटक) संरक्षा जागरुकता हेतु नुक्कड़ नाटको के माध्यम से भी स्टेशनों, मानवसहित रेलवे समपार फाटकों एवं रेलपथ के किनारे स्थित गाँवों/कस्बों, शहरों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मानवरहित समपार को २०२० तक पूरी तरह से समाप्त करने का लक्ष्य भारतीय रेलवे के द्वारा रखा गया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेलवे बोर्ड के द्वारा दिये गए लक्ष्य समय के पूर्व ही संपूर्ण मानवरहित समपार फाटकों को बंद किया जा चुका है ।

## गंगा दशहरा पर पुण्य की डुबकी को उमड़े श्रद्धालु

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। गंगा दशहरा पर प्रयागराज पहुंचने वालों श्रद्धालुओं की भीड़ शुरू हो गई है। इसके लिए प्रशासन भी पीछे नही हैं। मेला प्राधिकरण की ओर से घाटों की सफाई के साथ ही संगम मार्ग पर चकर्ड प्लेटें बिछवाई गई थीं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े प्रयागराज मेला प्राधिकरण एवं प्रशासन की ओर से डा. आशीष कुमार गोयल ने प्रयागराज वासियों एवं बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से गंगा तट को स्वच्छ रखने की अपील की है।

सम्पादकीय

## जो जीता वही सिकंदर

जो जीता वही सिकंदर की कहावत पुरानी है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार की चुनावी लड़ाई के अकेले सिकंदर थे, इसलिए उनका जीतना तो शायद लड़ाई शुरू होने से पहले ही तय था। तमाम टीवी चैनलों में इसके नतीजों को जिस तरह के ग्राफिक्स के साथ दिखाया जा रहा है, उसमें हर तरफ केसरिया रंग बिखरा दिखा देता है। पूरब, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण तकरीबन सभी जगह। नतीजा यही कहता है कि उनकी रणनीति ने विरोधियों की हर चाल को इस कदर नाकाम कर दिया कि वे हारे ही नहीं, बल्कि रणक्षेत्र में बौने भी साबित हुए। बेशक भाजपा और एनडीए की सफलता के साथ ही गिनाने के लिए यूपीए की असफलताएं भी थीं। इस बार ऐसा कुछ नहीं है, और यहां तक कि खुद भाजपा और एनडीए के तकरीबन सभी घटक नरेंद्र मोदी को माथे पर सजा रहे हैं। एक तरह से इंदिरा गांधी के शासनकाल के बाद यह पहला मौका भी है कि किसी दल ने पूरे बहुमत के साथ पांच साल सरकार चलाई और उसके बाद चुनाव में पार्टी को पहले से ज्यादा अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया। एक तात्कालिक चुनौती तो यह है कि पिछले कुछ महीनों के दौरान चले चुनाव अभियान ने देश के राजनीतिक विमर्श में काफी कड़वाहट घोली है, इस कड़वाहट से तुरंत मुक्ति पाना अब बहुत जरूरी है। बेशक यह सभी दलों का दायित्व है, इसके अलावा आर्थिक मोर्चों पर बहुत सारी नई-पुरानी चुनौतियां खड़ी हैं। फिलहाल लोकतंत्र के पर्व के जश्न का समय है।

**किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।**

## आनंद विहार टर्मिनल और उधमपुर के बीच द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन

रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। रेलयात्रियों की सुविधा के लिए, उत्तर रेलवे आनंद विहार टर्मिनल और उधमपुर के बीच द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन करेगीः-

०४४०१ आनंद विहार टर्मिनल-उधमपुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी (१४ फेरे) दिनांक ०१.०७.२०१६ से १५.०८.२०१६ तक प्रत्येक सोमवार और वीरवार को आनंद विहार टर्मिनल से रात्रि ११.०० बजे प्रस्थान करके अगले दिन दोपहर ०१.३० बजे उधमपुर पहुँचेगी। वापसी दिशा में ०४४०२ उधमपुर- आनंद विहार टर्मिनल



द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी (२८ फेरे) दिनांक ०२.०७.२०१६ से १६.०८.२०१६ तक प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को उधमपुर से सांय ०४.०५ बजे प्रस्थान करके अगले दिन सुबह ०५.५५ बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुँचेगी। तेरह शयनयान, छः सामान्य श्रेणी, दो सामान्य श्रेणी और दो दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी सह सामानयान के डिब्बों वाली ०४४०१/०४४०२ आनंद विहार टर्मिनल-उधमपुर-आनंद विहार टर्मिनल द्वि-साप्ताहिक स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग में गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी, लुधियाना, जलंधर छावनी, पठानकोट छावनी और जम्मूतवी स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी।

## कार्मिक विभाग द्वारा मुख्यालय हाजीपुर में पेंशन मेला का आयोजन

रे.स.ब्यू./सूत्र. हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय हाजीपुर में दिनांक १४.०६.२०१६ को पेंशन मेला का आयोजन किया।

पेंशन संबंधी शिकायत के निवारण हेतु पेंशनरों को इस मेले के आयोजन की पूर्व सूचना समाचार पत्रों सहित अन्य माध्यमों से भी दी गयी थी। मेले में पेंशनरों को शिकायत दर्ज कराने का प्रावधान रखा गया था।

इसके साथ ही शिकायतों को Whatsapp के माध्यम से भी दर्ज करने की व्यवस्था रखी गयी थी। पेंशन मेला का आयोजन हाजीपुर, मुख्यालय के साथ ही पांचों मंडलों एवं सभी यूनिटों में भी किया गया था जिसमें काफी संख्या में पेंशनरों ने शिकायत दर्ज करायी एवं उनका त्वरित निष्पादन किया गया।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में लगे ४५ आर.ओ. मशीन

रे.स.ब्यू./संवा. बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कार्य क्षेत्र का सबसे बड़ा ४६ प्रतिशत से भी अधिक का हिस्सा छत्तीसगढ़ राज्य में फैला हुआ है। रेलवे के अधिकांश बड़े स्टेशन जैसे बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग स्टेशन यही अवस्थित है। रेल यात्रियो को शुद्ध शीतल जल उपलब्ध करने की वयवस्था की जा रही है, ताकि यात्री अपनी यात्रा के सुविधा पूर्वक पूरी कर सके। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के चार स्टेशनो में बिलासपुर एवं रायपुर मंडल में ही कुल ३४ मशीन लागाई गए है। जिसमें मशीनों का इंस्टोलेशन एवं काउंटरों का संचालन IRCTC के द्वारा की जा रही है। इस व्यवस्था के अंतर्गत काउंटर बनाकर मशीन के द्वारा RO जल यात्रियों के मांग के अनुसार बोतलों में भरकर दी जाती है और इसके लिए कम से कम राशि का भुगतान रेल यात्रियो को करना होता है। यह व्यवस्था काफी लोकप्रिय भी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा वर्तमान में बिलासपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले ०७ स्टेशनों में १६ मशीन लगाए गए हैं जिनमें बिलासपुर स्टेशन में ८, रायगढ़ स्टेशन में ४, चम्पा स्टेशन में २, शहडोल स्टेशन में २, एवं कोरबा, अकलतरा, व पेंड्रारोड स्टेशन में १-१ वाटर वेंडिंग़ मशीन लगाये गए। रायपुर मंडल के १५ स्टेशनों में वाटर वेंडिंग़ मशीन लगाये गए जिसमें रायपुर स्टेशन में ०६, दुर्ग स्टेशन में ०४, भाटापारा में ०२ एवं तिल्दा स्टेशन में ०२ मशीन लगाये गए है। इस प्रकार रायपुर मंडल में १२ एवं बिलासपुर मंडल में ०३ वाटर वेंडिंग़ मशीन लगाये गए है। इसी प्रकार नागपुर मंडल में भी ६ स्टेशनों में वाटर वेंडिंग़ मशीन लगाये गए। राजनंदगावं में २, डोंगरगढ़ में २, भंडारा में १ एवं गोंदिया में ४ RO मशीन लगाये गए है। इसके अतिरिक्त जल्द ही बिलासपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में ११, रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में ५ एवं नागपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में ६ और RO वाटर के मशीन लगाये जायेंगे। इस प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कुल ६४ RO मशीन में से ४५ मशीन लगाये गए है।

## रेल सुरक्षा बल ने टिकट दलालों पर की कार्रवाई

रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। देश भर में रेलवे टिकट के दलालों पर कार्रवाई करने के उद्देश्य से अरूण



कुमार, डी.जी., आर.पी.एफ.के निर्देश में दिनांक १३.०६.२०१६ को रेलवे-टिकट दलालों के खिलाफ "ऑपरेशन थंडरस्टॉर्म" अभियान चलाया गया। इस अभियान में आर.पी.एफ. द्वारा पूरे भारत वर्ष में एक साथ छापेमारी की कार्यवाही की गई। इसी के तहत रेलवे सुरक्षा बल, दिल्ली मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की कार्यवाही की गई तथा रेलवे अधिनियम तहत १६ मामलें पंजीक त कर १६ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। ४.२२ लाख रूपये कीमत की कुल २२४ लाइव टिकट, जिसकी जब्त की गई। इससे पहले पिछले ६ महीनों में, इन १६ गिरफ्तार अपराधियों द्वारा अवैध रूप से २ करोड़ रुपये के टिकट बुक किये गए थे।

आईआरसीटीसी की एंटी फ्रॉड टीम ने डेटा प्रदान किया और उसके आधार पर गुप्त निगरानी रखी गई और इसकी पुष्टि के बाद, एक साथ छापे मारी की कार्यवाही की गई। उत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक, टी.पी. सिंह एवं डी.आर.एम, दिल्ली डीवीजन ने इस विशेष अभियान की सराहना की और कहा कि रेलवे टिकटों की दलाली को पूरी तरह से खत्म करने के लिए इस तरह के अभियान जारी रहेगे।

संजय साक त्यायन, आई.जी./आर.पी.एफ., उत्तर रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे इस तरह के दलालो का संरक्षण न करें और केवल अधिक त स्त्रोतों से टिकट खरीदें।

## अमेठी में हुई हार पर गहन विचार करेगी पार्टी : प्रमोद तिवारी

रे.स.ब्यू./संवा.आगरा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम हमारे ही नहीं देश की जनता की आशाओं के अनुरूप भी नहीं आए हैं। कुछ चौंकाने वाले तथ्य हैं। उन्होंने कहा कि अमेठी में हुई हार पर भी गहन विचार पार्टी किया जा रहा है।

# उत्तर रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का समापन



रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। उत्तर रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक महाप्रबंधक टी.पी. सिंह, की अध्यक्षता में दिनांक १३.०६.२०१६ को बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली् में सम्पन्न हुई। इस बैठक में उत्तर रेलवे के सभी प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों, मुख्य कारखाना प्रबंधकों, मंडलों एवं कारखानों के अपर/उप मुख्य राजभाषा अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में महाप्रबंधक ने बताया कि उत्तर रेलवे पर महाप्रबंधक का पद संभालने के बाद यह मेरी दूसरी बैठक है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि राजभाषा के प्रयोग- प्रसार में हमारी रेल काफी जागरूक है। उन्होंने कहा कि राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में अधिक से अधिक अधिकारी/कर्मचारी हिस्सा लें ताकि अपने हिंदी ज्ञान को तरोताजा रख सकें। इसके पश्चात उन्होंने कहा कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्यों के अनुरूप सरकारी कामकाज हिंदी में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने उम्मीद जताई कि हम सब भारत सरकार की राजभाषा नीति को उचित सम्मान देते हुए अपना सरकारी कामकाज हिंदी में ही करेंगें। बैठक में राम लाल, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे ने महाप्रबंधक एवं उपस्थित अन्य अधिकारीगण का स्वागत किया और बताया कि मुख्य राजभाषा अधिकारी का कार्यभार ग्रहण करने के बाद यह मेरी पहली बैठक है। उन्होंने बताया कि हिंदी में किए जाने वाले कार्य को संजीदगी से लेना अतिआवश्यक है, क्योंकि जनसाधारण के लिए जारी किए जाने वाले दस्तावेज़, उनकी भाषा में जारी किए जाएं, यह हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उन्होंने राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया तथा आशा व्यक्त की कि उत्तर रेलवे पर राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में सभी अधिकारीगण के सहयोग से गति आएगी। बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक (राजभाषा) डा. रोशनी खुबचंदानी ने किया और उपस्थित अधिकारी को राजभाषा की प्रगति के संबंध में अवगत कराया और धन्यवाद ज्ञापन के बाद बैठक संपन्न हुई।

# माघ मेला में भी दिखेगी कुंभ की झलक

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। मंडलायुक्त सभागार में प्रयागराज मेला प्राधिकरण की पांचवी बैठक में ये निर्णय लिए गया कि कुंभ की तर्ज पर सुविधाएं विकसित कि जाएं के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि सफाई, सुरक्षा के साथ सभी जनसुविधाएं आवश्यक रूप से मुहैया कराई जाएं। सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध हों।

माघ मेला ऐसा हो कि वहां पहुंचने वालों को कुंभ की झलक दिखे। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने माघ मेला के लिए प्रस्तावित कार्यों का ब्यौरा दिया। पावर प्रजेंटेशन के जरिए सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई।

# पुरानी पेंशन की बहाली को गरजे पेंशनर

रे.स.ब्यू./संवा. प्रयागराज। ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवे मेंस फेडरेशन के ५६वें वार्षिक अधिवेशन में पेंशनरों ने पुरानी पेंशन नीति का मुद्दा जोरशोर से उठाया और अपनी तमाम समस्याएं गिनाई। फूलपुर की सांसद केशरी देवी पटेल और उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक राजीव चौधरी की मौजूदगी में पेंशनरों ने न्यू पेंशन स्कीम को 'नो पेंशन स्कीम' बताया। इस पर सांसद केशरी देवी ने कहा कि 'उनकी समस्याएं भारत सरकार तक पहुंचाई जाएंगी। इस अवसर एनसीआर के महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने फेडरेशन के प्रयागराज चैप्टर द्वारा प्रकाशित स्मारिका पेंशनर्स पहरी के २०१६ संस्करण का मंच पर मौजूद अन्य लोगों के साथ विमोचन किया। इस अवसर पर उमरे के डीआएम अमिताभ, एडीआरएम एनामुल हक, अनुराग अग्रवाल, डा. विनीत अग्रवाल, अंतिक चौधरी, मंजू पाठक, डॉ. वीके कश्यप, कुमकुम पांडेय, रामेंपाल मौर्य आदि मौजूद रहे।

# इलाहाबाद एवं कानपुर में लगाया गया वाटर रीसाइकिल प्लांट



रे.स.ब्यू./सू. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे इलाहाबाद मंडल के अंतर्गत पानी का पुनःउपयोग करने हेतु इलाहाबाद में ५०,००० (पचास हज़ार)लीटर एवं कानपुर में १००००० (एक लाख)लीटर छमता का वाटर रीसाइकिल प्लांट लगाया गया है।

इलाहाबाद मंडल के अंतर्गत इलाहाबाद एवं कानपुर में वाशिंग लाइन की व्यवस्था है तथा सुबेदारगंज में वाशिंग लाइन का निर्माण किया जा रहा है।

इलाहाबाद एवं कानपुर प्रमुख स्टेशन हैं तथा दोनों स्टेशनों पर कोचों की सफाई एवं धुलाई की जाती जिस कारण अत्यधिक पानी खर्च होता है और धुलाई के पश्चात पानी व्यर्थ में बह जाता है।

पानी अमूल्य है वर्षा जल संचयन एवं पानी के पुनःउपयोग पर विशेष बल दिया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त"ग्रीन इनिशिएटिव" के तहत सौर उर्जा का अधिक से अधिक उपयोग किया जा रहा है तथा शीघ्र ही स्टेशनों पर"सोलर लाइट हट" बनाने का कार्य भी प्रारंभ किया जायेगा जिससे बिजली की बजत की जा सक।

# यशवंतपुर और श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा के बीच साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन

रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। रेलयात्रियों की सुविधा के लिए, रेलवे ०६५२१/०६५२२ यशवंतपुर और श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा के बीच साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन निम्नानुसार करेगीः-

०६५२१ यशवंतपुर- श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी दिनांक २७.०६.२०१६ से ११.०७.२०१६ तक प्रत्येक वीरवार को यशवंतपुर से सुबह ०६.३० बजे प्रस्थान करके शनिवार को सांय ०६.५० बजे श्री माता वैष्णों देवी कटडा पहुँचेगी। वापसी दिशा में ०६५२२ श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा-यशवंतपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी दिनांक ०१.०७.२०१६ से १५.०७.२०१६ तक प्रत्येक सोमवार को श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा से सुबह ०५.४० बजे प्रस्थान करके बुधवार को दोपहर ०३.०० बजे यशवंतपुर पहुँचेगी।


एक वातानुकूलित २ टीयर, तीन वातानुकूलित ३ टीयर, छः शयनयान श्रेणी, दो सामान्य श्रेणी और दो दिव्यांग अनुकूल द्वितीय श्रेणी सह सामानयान के डिब्बों वाली ०६५२१/०६५२२ यशवंतपुर और श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा के बीच साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग में यलहंका, चिकबल्लापुर, सिदलाघट्टा, चिंतामणी, श्रीनिवासपुर, कोलार, बांगरपेट, जोलारपेट्ट, काटपाड़ी, रेणिगुंटा, गुडूर, विजयवाडा, वारंगल, बल्लारशाह, चन्द्रपुर, नागपुर, इटारसी, भोपाल, झाँसी, आगरा छावनी, हज़रत निजामुद्दीन, नई दिल्ली, अम्बाला, लुधियाना, जलंधर छावनी, पठानकोट छावनी, जम्मूतवी और उधमपुर स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी।

# रेल सुरक्षा बल द्वारा किया गया सराहनीय कार्य

रे.स.ब्यू./सू. बिलासपुर। रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के क्षेत्रधिकार में यात्री एवं यात्री परिसर की सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी एवं उत्तरदायित्व को निर्वहन करते हुए महत्वपूर्ण कार्य किये गये जिसमे, रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, नैनपुर के अधिकारी व जवानों द्वारा चेकिंग के दौरान गाड़ी संख्या ५१७०३ जबलपुर- नैनपुर पैसेन्जर में एक लेडिज बैग लावारिस हालात में मिला। जांच के दौरान बैग मालिक मोहम्मद जाहिद का होना पाया गया तथा उनके द्वारा बताया कि उक्त गाड़ी में जबलपुर से-पिन्डारी तक यात्रा के दौरान उनका लेडिज बैग जिसमें मंगलसुत्र सोने का टॉप्स एवं नगद ५००/- कुल कीमत ३२,०००/-समय गाड़ी में ही छूट गया। कार्यवाही करते नैनपुर के अधिकारी व जवानों द्वारा गाड़ी को अटेण्ड कर बैग को कब्जे में लिया तथा बैग मालिक को सूचना दिया। बैग मालिक के आने पर सत्यापन उपरांत सही सलामत सुपुर्द किया गया।

# रेल मंत्रालय ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस

प.सू.का/नई दिल्ली। राष्ट्रीय रेल संग्रहालय नई दिल्ली में रेल मंत्रालय ने दिनांक ६ जून, २०१६ को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस अवसर पर सदस्य (रोलिंग स्टॉक) राजेश अग्रवाल, सदस्य (स्टाफ) एस.एन. अग्रवाल, सदस्य (सामग्री प्रबंधन) वी. पी. पाठक, सदस्य (एसएंडटी)एन. काशीनाथ, ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (टेरी) के महानिदेशक डॉ. अजय माथुर और वरिष्ठ रेल अधिकारीगण भी उपस्थित थे। इस अवसर पर सदस्य (रोलिंग स्टॉक)राजेश अग्रवाल ने कहा, 'रेलवे बड़े पैमाने पर पर्यावरण की निरंतरता के प्रति अत्यंत कटिबद्ध है। पिछली सरकार में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में स्वच्छता पर विशेष जोर दिया जाता रहा है। स्वच्छता अभियान के नतीजे स्पष्ट नजर आ रहे हैं। रेलवे ने 'गेम चेंजर' की भूमिका निभाई है क्योंकि रेलगाड़ियों में जैव-शौचालयों के इस्तेमाल से पूरे देश में रेल पटरियां बदबू मुक्त हो गई हैं। इसके




अलावा, रेलवे अपने समस्त नेटवर्क में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए आगे भी निरंतर प्रयासरत रहेगी। रेलवे ने हरित पर्यावरण और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए तेज गति से विद्युतीकरण सुनिश्चित करने और रेलवे के परिसरों में सोलर पैनल लगाने जैसे अनेक कदम उठाए हैं। रेलवे पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियां सुनिश्चित करने के लिए टेरी के साथ गठबंधन करने को लेकर आशान्वित है। राजेश अग्रवाल ने यह भी कहा कि 'रेलवे की ओर उन्मुख हों' अभियान समय की मांग है क्योंकि इससे लॉजिस्टिक्स ढुलाई लागत में काफी कमी आएगी और इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय रेलवे की पर्यावरण प्रबंधन उप-लब्धियों के बारे में पर्यावर्णिय स्थिरता रिपोर्ट २०१८-१६ जारी की गई। सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली इकाई का पुरस्कार रेल व्हील फैक्ट्री, येलंहका को दिया गया। आईआरसीटीसी को स्टेशनों पर वाटर वैंडिंग मशीनें लगाने के लिए अधिक त किया गया है। भारतीय रेलवे भारत की एनडीसी की प्रमुख कंपनी है। यह २०३० तक ताजे पानी की खपत में २० प्रतिशत कमी करने और आधार वर्ष २००५ की तुलना में कार्बन उत्सर्जन ३२ प्रतिशत तक कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय रेलवे ने अपनी प्रतिबद्धता और स्थिरता पूरा करने के लिए अनेक पहलों की योजना बनाई है।

# उत्तर रेलवे ने ११ कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कारों से किया सम्मानित



रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। सतर्कता और त्वरित कार्रवाई दिखाते हुए सम्भावित दुर्घटनाओं को टालने वाले उत्तर रेलवे के सभी पाँच मंडलों के संरक्षा वर्ग के कुल ११ कर्मचारियों को उत्तर रेलवे ने प्रधान कार्यालय,नई दिल्ली में आयोजित समारोह में संरक्षा पुरस्कार तथा महाप्रबंधक उत्कृष्टता सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया। यह पुरस्कार उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक टी.पी. सिंह ने प्रदान किए। इस अवसर पर अन्य विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। सम्मानित किए गए कर्मचारियों में विशाल शर्मा,स्टेशन मास्टर, कमल सिंह, कांटेवाला, दीना नगर फिरोजपुर मंडल, वीरपाल, शंटमैन बनथरा, मुरादाबाद मंडल, रविन्द्र नाथ,लोकोपॉयलट, ज्ञान सिंह मीणा, सहायक लोकोपॉयलट, दिल्ली मंडल, रमन कुमार, गेटमैन, राजपुरा, अम्बाला मंडल, सुनील कुमार मीणा, केबिन मैन, लहरगागा, अम्बाला मंडल, मोहम्मद असलम, पोर्टर, सोनिक, लखनऊ मंडल एवं राम प्रताप, सहायक लोकोपॉयलट, लखनऊ मंडल शामिल थे।

# हज़रत निजामुद्दीन-ब्यास तथा सहारनपुर ब्यास के बीच अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ियों का संचालन

रे.स.ब्यू./संवा. नई दिल्ली। रेलयात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा ०४०११/०४०१२ निजामुद्दीन -ब्यास-हज़रत निजामुद्दीन अनारक्षित तथा ०४६१७/०४६१८ सहारनपुर-ब्यास-सहारनपुर अनारक्षित स्पेशल, रेलगाड़ियों का संचालन निम्नानुसार किया जायेगाः-

०४०११/०४०१२ हज़रत निजामुद्दीन-ब्यास-हज़रत निजामुद्दीन अनारक्षित स्पेशल(०२ फेरे) ०४०११ हज़रत निजामुद्दीन -ब्यास अनारक्षित स्पेशल (०१ फेरा) दिनांक २७.०६.२०१६ को सांय ०७.५० बजे प्रस्थान करके अगले दिन सुबह ०४.५० बजे ब्यास पहुँचेगी। वापसी दिशा में ०४०१२ ब्यास-हज़रत निजामुद्दीन अनारक्षित स्पेशल (०१ फेरा) दिनांक ३०.०६.२०१६ को सांय ०७.५० बजे प्रस्थान करके अगले दिन सुबह ०४.२० बजे हजरत निजामुद्दीन पहुँचेगी। बीस सामान्य श्रेणी के डिब्बों वाली ०४०११/०४०१२ हज़रत निजामुद्दीन-ब्यास-हज़रत निजामुद्दीन अनारक्षित स्पेशल मार्ग में नई दिल्ली और सब्जी मंडी स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी। ०४६१७/०४६१८ सहारनपुर-ब्यास-सहारनपुर अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी (०२ फेरे) ०४६१७ सहारनपुर-ब्यास अनारक्षित स्पेशल (०१ फेरा) दिनांक २८.०६.२०१६ को सहारनपुर से रात्रि ०८.५० बजे प्रस्थान करके अगले दिन तड़के ०३.०० बजे ब्यास पहुँचेगी । वापसी दिशा में ०४६१८ ब्यास-सहारनपुर अनारक्षित स्पेशल (०१ फेरा) दिनांक ३०.०६.२०१६ को ब्यास से सांय ०४.३० बजे प्रस्थान करके उसी दिन रात्रि ११.१० बजे सहारनपुर पहुँचेगी। अठारह सामान्य श्रेणी और दो सामान्य श्रेणी सह सामानयान वाली यह विशेष रेलगाड़ी जगाधरी, जगाधरी कारखाना और अम्बाला छावनी स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी ।

# महाप्रबंधक द्वारा सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के सदस्यों को किया गया पुरस्कृत




रे.स.ब्यू./सू. प्रयागराज। इलाहाबाद मंडल में दिव्य कुम्भ के दौरान बेहतर कार्य करने वाले सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के सदस्यों को महाप्रबंधक द्वारा दिया गया मोमेंटो और प्रमाण पत्र उत्तर मध्य रेलवे के केंद्रीय चिकित्सालय में वितरण किया गया। साथ ही कर्मचारियों की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए सभी को बधाई दी। इस अवसर पर डा.राकेश निगम, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, एम.के. कुलश्रेष्ठ, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी, एम.एच. अंसारी, मण्डल वित्त प्रबंधक तथा ए.के. आर्या, मोहिबुल्लाह, पवन कुमार यादव, आलोक कुमार वर्मा, उदय चंद्र मौर्य आदि सदस्य मौजूद थे।

# रीता जोशी ने किया अपने संसदीय क्षेत्र की टीम का गठन

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। नवनिर्वाचित सांसद डॉ.रीता बहुगुणा जोशी ने अपने इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के लिए टीम का गठन किया है। जिसमें उन्होंने नजदीकी लोगों को ही जगह दी है। सांसद डॉ. रीता की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने डा. शशिकांत तिवारी को लोकसभा प्रभारी घोषित किया। संत प्रसाद पांडेय को लोकसभा प्रभारी/ प्रतिनिधि का दायित्व सौंपा। इसके अलावा अभिषेक शुक्ला को प्रशासनिक कार्य एवं मीडिया कार्य की जिम्मेदारी दी।

**किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।**

# इस्पात निर्माण क्षेत्र को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए सभी उपाय: पीयूष गोयल



प.सू.का/नई दिल्ली।केन्द्रीय वाणिज्य्, उद्योग और रेलवे तथा इस्पात मंत्री ने दिनांक ११.०६. २०१६ को नई दिल्ली में इस्पात उत्पादकों के साथ इस्पात उद्योग के सामने उत्पन्न चुनौतियों तथा आयात-निर्यात प्रवृत्तियों के बारे में विचार-विमर्श किया। दोनों मंत्रियों ने इस्पात उद्योग को आश्वासन दिया कि वाणिज्य और उद्योग तथा इस्पात मंत्रालय हर संभव उपाय करेगा ताकि अगले पांच वर्ष में इंजीनियरिंग वस्तुओं का निर्यात दोगुना हो जाये और २०३० तक यह २०० अरब अमरीकी डॉलर पर पहुंच जाये। इससे न केवल भारत का निर्यात बढ़ेगा, बल्कि निर्माण क्षेत्र विशेषकर एमएसएम क्षेत्र में नौकरियां सजित होगी। हालांकि भारत इस्पाात का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है, लेकिन भारत इस्पात का आयात भी है। इस्पात उद्योग और इंजीनियरिंग निर्यात परिषदों के प्रतिनिधियों ने इस्पात मंत्रियों के साथ अन्या देशों द्वारा लागू किये जा रहे संरक्षणवादी उपायों और भारत में इस्पात निर्माण की कम उपयोग क्षमता के बारे में विस्तार से बातचीत की। पीयूष गोयल और धर्मेन्द्र प्रधान ने वाणिज्य् और उद्योग तथा इस्पात मंत्रलय द्वारा उठाए जाने वाले उपायों के बारे में विस्त त चर्चा की। इनमें शुल्क और गैर-शुल्क उपाए दोनों शामिल है ताकि अनावश्यक आयात कम किया जा सके और निर्यात बढ़ाया जा सके। एमएसएम क्षेत्र इस्पात निर्माताओं में इस्पात उत्पादकों से आग्रह किया कि वे रियायती मूल्यों कच्चे माल की आपूर्ति करे ताकि एमएसएम क्षेत्र अंतर्राष्ट्रीय बजारों में प्रतिस्पर्धा कर सके। बैठक में पीयूष गोयल, धर्मेन्द्र प्रधान, इस्पा्त राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, इस्पात सचिव विनय कुमार, वाणिज्य सचिव अनूप वधावन, डीजीएफटी आलोक वर्धन चतुर्वेदी, वाणिज्य और इस्पा्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, सेल के अध्यक्ष, पीसी, भारतीय इस्पात एसोसिएशन, इस्पात उत्पादक और निर्माता तथा इस्पात क्षेत्र की अन्य एसोसिएशनों के सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया।

# किसान का बेटा बनेगा आर्मी में लेफ्टीनेंट

रे.स.ब्यू./सू.उन्नाव। एक किसान के बेटे ने एनडीए की परीक्षा में देश में ८ वां स्थान हासिल कर माता पिता के साथ जिले का नाम रोशन किया है। पिता आनंद प्रताप सिंह किसान हैं,और मां ग हणी दादा ठाकुरबक्श सिह प्राइमरी स्कूल से शिक्षक पद से रिटायर हुए हैं। जैसे ही बेटे के सेना में लेफ्टीनेंट बनने की खबर गांव पहुंची पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं गांव वालों ने कहा कि पुण्यप्रताप ने अपनी लगन और मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। उसे बचपन से ही आर्मी में अधिकारी बनने का जज्बा था। बीघापुर तहसील की ग्रामपंचायत भटखेरवा निवासी पुण्यप्रताप सिंह ने एनडीए के निकले परीक्षा परिणाम में देश में ८ वां स्थान हासिल किया है। पुण्य प्रताप का चयन आर्मी में लेफ्टिनेंट के पद पर होने से जहां परिजनों में खुशी है। वहीं घर में ग्रामीण व रिश्तेदारों का बधाई देने का सिलसिला जारी है। बेटे की सफलता पर पिता आनंदप्रताप कहते हैं कि वह शुरू से ही पढ़ने में अच्छा था। अब उसकी पढ़ाई सार्थक हुई है।

# शिवगोपाल की पत्नी,पोती के बाद बेटे की भी मौत

रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के केंद्रीय महामंत्री शिवगोपाल मिश्र के बेटे गौरव मिश्र ने भी दम तोड़ दिया। पत्नी प्रभादेवी और पोती इरिसु की चिता को मुखाग्नि देने के बाद मिश्र घर भी नहीं पहुंच पाए, कि उन्हें बेटे की भी मौत की सूचना मिली। बता दें कि मिश्र की पत्नी व पोती इरिसू और बेटे गौरव मिश्र भोपाल में सड़क हादसे का शिकार हो गए थे। पत्नी व पोती की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि बेटे गौरव को गंभीर हालत में एयर एंबुलेंस से दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ब हस्पतिवार दिनांक १३.०६.१६ को सुबह इनके शव लखनऊ लाए गए जहां सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी जंक्शन पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।

# MEMBER TRAFFIC, RAILWAY BOARD VISITS SER HEADQUARTERS

**RSB/Kolkata: Girish Pillai, Member Traffic, Railway Board visited S E Railway HQ, Garden Reach on 14/6/2019 and held a high level meeting with P.S. Mishra, GM, South Eastern Railway & Eastern Railway. COM and other senior Traffic officers were present in this meeting. Girish Pillai reviewed the performance of South Eastern, Eastern and Metro Railway. Sri Pillai reviewed all the aspects of railway working specially running of trains and laid special emphasis on safety, punctuality, freight loading and earnings. Earlier P.S. Mishra, GM/SER apprised Member Traffic, Railway Board about the achievements and key activities of SER in the year 2018-19 and target for the year 2019-20.**



**GM also mentioned about the planning and progress of SER on originating freight & passenger earnings and infrastructural development projects. Member Traffic, Railway Board expressed satisfaction about the all round performance of SER and stressed upon the timely completion of development works. Later Girish Pillai visited Shalimar-Santragachi Section and inspected the on going developmental work sand its progress at these upcoming major terminals. He also visited Sankrail Goods Terminal Yard and inspected the different on going works to develop infrastructural facilities for goods traffic.**

# काल के गाल में समा रहे मवेशी

पॉलीथिन मानव निर्मित एक ऐसा भस्मासुर है जो खुद तो नष्ट नहीं होता लेकिन संपूर्ण पर्यावरण एवं जीव-जगत के लिए खतरा बना हुआ है। पॉलीथिन में खाद्य पदार्थ भरकर फेंकने से जानवर उसे पॉलीथिन सहित खा जाते है। यह पॉलीथिन जानवरों के आमाशय में जाकर फंस जाता है। पॉलीथिन से भरे खाद्य पदार्थ खाने से जानवरों के आमाशय में भारी मात्रा में पॉलीथिन जमा हो जाती है। जिससे जानवरों की दर्दनाक मौत हो जाती हैं।

इसके अलावा नालियां, सीवर इत्यादि पॉलीथिन के कारण अवरूद्ध हो जाते है और संक्रामक बीमारियों का भय बना रहता हैं नदी, नालों, तालाबों एवं खुले स्थानों को पॉलीथिन ने अपनी चपेट में ले रखा है। खाद, कंपोस्ट इत्यादि के साथ खेतों में पहुंची पॉलीथिन खेत की उर्वरा शक्ति को प्रभावित करती है।

# वित्तीय वर्ष २०१६-२० में मई माह तक टिकट चैकिंग आय में विगत वर्ष से ११.२ % वृद्धि

रे.स.ब्यू./सू. उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष २०१६-२० में मई माह तक टिकट चैकिंग के नये आयाम प्राप्त कर १.६३ लाख से अधिक केस पकड़कर ८.५ करोड रूपये की आय प्राप्त की, यह आय गत वर्ष की इसी अवधि की अपेक्षा ११.२ प्रतिशत अधिक है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अभय शर्मा के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष २०१६-२० में मई माह तक ८७२५६ बिना टिकट यात्रियों, ६६४६६ उच्च श्रेणी में यात्रा करते यात्री एवं ६५७६ बिना बुक किये गये सामाना ॅ प्रकरणों सहित कुल १६३३०१ केस बनाये गये जो कि गत वर्ष की इसी अवधि में १७३४६५ केसों ॅकी तुलना में ११. ४ प्रतिशत अधिक है। इन प्रकरणों द्वारा टिकट चैकिंग की कुल आय ८.५ करोड़ अर्जित की है, जोकि गत वर्ष इस अवधि की अर्जित आय ७.६५ करोड रू० की तुलना में ११.२ प्रतिशत अधिक है।

यात्रियों को सुगमता से टिकट प्राप्त हो सके इसके लिए UTS on Mobile app, स्टेशनों ॅपर ऑटोमेटिक टिकट वेडिंग मशीन, ई-टिकट सुविधा उपलब्ध है।

# विनायक राउत होंगे लोकसभा में शिवसेना पार्टी के नेता

शिवसेना

रे.स.ब्यू./सू.मुंबई। विनायक राउत होंगे लोकसभा में शिवसेना पार्टी के नेता, विनायक राउत को लोकसभा में पार्टी का नेता नियुक्त किया। शिवसेना के प्रवक्ता ने कहा कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने संसदीय मामलों के केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखकर राउत की नियुक्ति के बारे में सूचित किया।

६५ वर्षिय राउत महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र में रत्नागिरि- सिंधुदुर्ग से दूसरी बार सांसद चुने गये हैं। इससे पहले वह १६६६ से २००४ के बीच मुंबई में विले पार्ले से विधायक रह चुके हैं। राउत २०१४ के लोकसभा चुनाव में सांसद चुने जाने से पहले २०१२ से विधान पार्षद चुने गये थे।

# डीएफसी कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु उच्च स्तरीय बैठक



रे.स.ब्यू./सू. प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे और समर्पित माल भाड़ा गलियारा (DFCCIL) के अधिकारियों के मध्य दिनांक १३.०६.१६ को निर्माणाधीन फ्रेट कॉरिडोर की प्रगति पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक हुई।

उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक राजीव चौधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, इलाहाबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य अधिकारी तथा डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया।उत्तर मध्य रेलवे के प्रमुख मुख्य इंजीनियर शरद मेहता ने इस बैठक में सभी अधिकारियों का स्वागत किया, उसके उपरांत महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने बैठक को संबोधित किया। अनुराग सचान, प्रबंध निदेशक/डीएफसीसीआईएल,अंशुमन शर्मा, निदेशक/ पीपी/ डीएफसीसीआईएल और मुख्य ब्रिज इंजीनियर, उत्तर मध्य रेलवे ने उत्तर मध्य रेलवे परिक्षेत्र में फ्रेट कॉरिडोर कार्यों के लक्ष्य एवं कार्ययोजना संबंधी पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण किया। लक्ष्यों के अलावा, विभिन्न निष्पादन एजेंसियों के बीच समन्वय मुद्दों पर भी चर्चा की गई और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंडल रेल प्रबंधक, इलाहाबाद अमिताभ, ने फ्रेट कॉरिडोर मार्ग से स्टेशन यार्डो को जोड़ने वाली रेल पटरियों के लिए अतिरिक्त ट्रैक मेन्टेनेंस मशीनों की उपलब्धता की मांग की। उत्तर मध्य रेलवे और डीएफसीसीआईएल ने डीएफसी के भाऊपुर-खुर्जा खंड को नवंबर -१६ तक खोलने पर सहमति जताई।

इस खंड के खुलने से उत्तर मध्य रेलवे के अति व्यस्त कानपुर-नई दिल्ली खंड से मालगाड़ियां डीएफसी रेल मार्ग पर शिफ्ट होंगी और इसके द्वारा परिचालन को सुचारु करने में सहायता मिलेगी। इस दौरान महाप्रबंधक ने इलाहाबाद मंडल, निर्माण संगठन और डीएफसीसीआईएल के अधिकारियों को भाऊपुर-खुर्जा खंड में मैथा और अन्य स्टेशनों पर डीएफसी से संबंधित कार्यों को समय से पूरा करने के लिए बधाई दी।


Heartline

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष

24 घण्टे सेवा उपलब्ध


# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में प्रमुख मुख्य इंजीनियर पुरस्कार का आयोजन




रे.स.ब्यू./सू. बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महाप्रबंधक कार्यालय में प्रमुख मुख्य इंजीनियर पुरस्कार (रेल सप्ताह पुरस्कार) का आयोजन दिनांक ०७ जून, २०१६ को हुआ। इस अवसर पर कुल १३२ अधिकारियों एवं रेल कर्मचारियों को पुरस्कार से सुधीर कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य इंजीनियर के द्वारा सम्मानित किया गया।

पुरस्कृत कर्मचारियों एवं अधिकारियों में अभियांत्रिकी विभाग नागपुर के मंडल २७ कर्मचारी, रायपुर मंडल के ३० कर्मचारी, बिलासपुर मंडल के ४१ एवं मुख्यालय के ३० एवं चार राजपत्रित अधिकारियों को पुरस्कार दिया गया है।

इनमें १३२ कर्मचारियों में ४ महिला कर्मचारियों को भी वर्ष २०१८-१६ के दौरान उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य इंजीनियर ने पुरस्कृत कर्मचारियों को उनके अथक एवं सराहनीय एवं विपरीत में कठिनतम परिस्थतियों में भी कार्य के प्रति समर्पण एवं जझारूपन के लिये प्रशंसा की एवं भविष्य के लिये शुभकामनायें दी।

# योग से है गंभीर समस्याओं का निदान



रे.स.ब्यू./संवा.प्रयागराज। फरीदाबाद से आए वरिष्ठ चिकित्सक सुजोय भट्टाचार्य ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में शनिवार दिनांक १५.०६.२०१६ को चिकित्सा विभाग की ओर से हड्डी से संबंधित समस्याओं एवं उनके बचाव और इलाज से संबंधित एक व्याख्यान से जुड़ी तमाम समस्याओं एवं उसके निदान के बारे में बताया। इस अवसर पर महाप्रबंधक राजीव चौधरी ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खानपान एवं लाइफ स्टाइल पर विशेष ध्यान देना चाहिए। योग, व्यायाम एवं फिजियोथेरेपी के माध्यम से बहुत से गंभीर रोगों से बचाव हो सकता है। कार्यक्रम में एनसीआर के प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डा.आनंद टंडन, चिकित्सा निदेशक डा. विनीत अग्रवाल आदि मौजूद रहे। इसके पूर्व रेलवे के केंद्रीय चिकित्सालय में एक चिकित्सीय शिविर का भी आयोजन किया गया। इसमें ७० लोगों ने हड्डी से संबंधित समस्याओं पर चिकित्सकों से निदान लिया।

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र इलाहाबाद होगा**

## पाठक ध्यान दें

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्टि व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त करता है।


सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-६० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१८०४७८८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०



संरक्षा नियमों का उल्लंघन दुर्घटना का आमंत्रण है।

*Railway Passengers Safety & Amenities Association*

*Aim of the Society is to serve the Railway Passengers*

Camp Office: House No. 8439, Arya Nagar
Paharganj, New Delhi-55
(M) 9793956044,8826765066
E-mail:railsamacharbureau@rediffmail.com
Vice Chairman
Gyanendra Kumar Srivastava

Regd. Office : 502, Panchshila Bhawan,
Triveni Road, Kydganj Allahabad-211003
Ph. : 0532-2418040
(M) 9793956044, 9651804788
Office Secy. :
S. Katar, Mrs. Kiran

उक्त संगठन में आप भी सदस्य होकर रेल यात्रियों की सेवा कर सकते हैं। शीघ्र मिले या पत्र व्यवहार करें।